# भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था स्थिति (SIDE) रिपोर्ट 2024

## प्रिलिम्स के लिये:

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति (SIDE) रिपोर्ट 2024, **डिजिटल इंडिया**, **भारतनेट**, **ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स**, **5G रोलआउट**, **स्किल इंडिया डिजिटल हब**, **भारत का आत्मनिर्भर भारत विज़न**, **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन**।

## मेन्स के लिये:

भारत के डिजिटल विकास के प्रमुख चालक, भारत के डिजिटल विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दे।

**स्रोत: पी.आई.बी**

## चर्चा में क्यों?

**इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** द्वारा तैयार **भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति (SIDE) रिपोर्ट 2024,** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।


## भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2024 की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति: अर्थव्यवस्था-व्यापी डिजिटलीकरण** के संदर्भ में भारत विश्व में **तीसरी सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था (अमेरिका और चीन** के बाद) है।
  - **व्यक्तिगत उपयोगकर्त्ताओं के डिजिटलीकरण** के मामले में **यह G-20** देशों में **12 वें स्थान** पर है, जो **औसत उपयोगकर्त्ता डिजिटलीकरण में कमी** को दर्शाता है।
- **डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान:** वर्ष 2022-23 में, **डिजिटल अर्थव्यवस्था** ने **सकल घरेलू उत्पाद में 11.74%** का योगदान दिया, जिसके **वर्ष 2024-25 तक बढ़कर 13.42%** होने का अनुमान है।
  - इसमें 2.55% **कार्यबल कार्यरत** है तथा उत्पादकता समग्र अर्थव्यवस्था से 5 गुना अधिक है।
- **पूर्वानुमान: वर्ष 2029-30 तक**, डिजिटल अर्थव्यवस्था कृषि और विनिर्माण को पीछे छोड़ते हुए **सकल घरेलू उत्पाद** में एक-पाँचवें (20%) का योगदान करने की उम्मीद है।
- **क्षेत्रवार विभेदन: पारंपरिक ICT क्षेत्र डिजिटल अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदानकर्त्ता है, जबकि बिग टेक और प्लेटफॉर्म सहित नए डिजिटल उद्योग, GVA का लगभग 2% हिस्सा हैं।**
- **राज्य-स्तरीय असमानताएँ:** कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गुजरात और हरियाणा जैसे **अमीर राज्य गरीब राज्यों की तुलना में उच्च डिजिटलीकरण** स्तर प्रदर्शित करते हैं।

## CHIPS (कनेक्ट-हार्नेस-इनोवेट-प्रोटेक्ट-सस्टेन):

- SIDE 2024 में प्रस्तुत CHIPS (कनेक्ट-हार्नेस-इनोवेट-प्रोटेक्ट-सस्टेन) ढाँचा, परिणामों और जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, डिजिटलीकरण को मापने के लिये एक व्यापक **दृष्टिकोण प्रदान** करता है।
- इंटरनेट पहुँच पर ज़ोर देने वाले पारंपरिक सूचकांकों के विपरीत, CHIPS ढाँचे में **5 स्तंभ (कनेक्ट, हार्नेस, इनोवेट, प्रोटेक्ट, सस्टेन) और 50 संकेतक शामिल हैं, जो राष्ट्रीय एवं उप-राष्ट्रीय दोनों स्तरों** पर तुलना को सक्षम बनाते हैं।


**The CHIPS framework**




*Source: IPCIDE Research*

## भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास के प्रमुख चालक कौन-से हैं?

- **डिजिटल अवसंरचना का विस्तार**: भारत की डिजिटल अवसंरचना शहरी-ग्रामीण विभाजन के अंतर को कम कर रही है तथा एक जीवंत डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रही है।
  - भारतनेट जैसी पहल **ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट** प्रदान कर रही है, जबकि 5जी **रोलआउट द्वारा विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में डिजिटल अपनाने, ई-गवर्नेंस, ई-कॉमर्स** , फिनटेक और आईटी सेवाओं को बढ़ा दिया जा रहा है।
  - **ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC)** जैसे कार्यक्रम **छोटे व्यवसायों को डिजिटल बाज़ार में प्रवेश करने में** सक्षम बना रहे हैं ।
- **स्मार्टफोन की बढ़ती पहुँच**: किफायती **स्मार्टफोन और कम लागत वाले डेटा** ने भारत को मोबाइल-प्रथम अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर दिया है, जिससे **ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान और मनोरंजन** तक पहुँच बढ़ गई है।
  - घरेलू विनिर्माण प्रोत्साहन द्वारा भारत की आत्मनिर्भर भारत पहल को समर्थन दिया जा रहा है।
- **वैश्विक क्षमता केंद्र (GCC):** भारत में **विश्व के 55% GCC स्थित हैं, जो सूचना प्रद्योगिकी सहायता, अनुसंधान एवं विकास** तथा **व्यवसाय प्रक्रिया प्रबंधन** जैसी आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हैं।
- **स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और इनोवेशन:** भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम डिजिटल इनोवेशन का एक प्रमुख चालक है। स्टार्ट-अप इंडिया जैसी पहल और महत्त्वपूर्ण फंडिंग से टेक स्टार्टअप्स को बाज़ार की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायता मिली है।
  - वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद, **वर्ष 2024 में भारतीय स्टार्टअप्स को 30.4 बिलियन अमरीकी डॉलर का वित्त पोषण** प्राप्त हुआ।
- **डिजिटल वित्तीय समावेशन:** UPI और जन धन खाते जैसे कार्यक्रमों से भारत में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, वित्तीय समावेशन में सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं।
  - अक्तूबर 2024 में UPI के माध्यम से 16.58 बिलियन लेनदेन के साथ कुल 23.49 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ।




## नषि्करष

भारत की **डजिटिल अरथव्यवस्था आरथकि वकिास और रोज़गार** की दृष्टि से एक प्रमुख चालक है। **डजिटिल प्लेटफॉर्म के उदय के साथ-साथ** पारंपरकि क्षेत्रों में आए डजिटिल परविर्तनों से उद्योगों का रूपांतरण हो रहा है और रोज़गार के नए अवसर सृजति हो रहे हैं। डजिटिल साक्षरता में वृद्धि, **उभरती प्रौद्योगकियों के स्वीकरण और रोज़गार की संभावनाओं के वसि्तार** के साथ, भारत डजिटिल परविर्तन में अग्रणी देश की भूमिका नभिाने हेतु उपयुक्त स्थति में है, जिससे संधारणीय और समावेशी वकिास सुनिश्चति होता है।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. नम्निलखिति पर वचिार कीजयि: (2022)**

1. आरोग्य सेतु
2. कोवनि
3. डजिटिल लॉकर
4. दीक्षा

**उपर्युक्त में से कौन-से ओपन-सोर्स डजिटिल प्लेटफॉर्म पर बनाए गए हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

---

### ??????:

**प्रश्न. "चौथी औद्योगकि क्रांति (डजिटिल क्रांति) के प्रादुर्भाव ने ई-गवर्नेन्स को सरकार का अवभािज्य अंग बनाने में पहल की है"। ववेचिन कीजयि। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-of-india-s-digital-economy-side-report-2024